## वाहन चोर गिरोह के दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** जिला विशेष टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) और पुलिस थाना जामडोली ने संयुक्त कार्रवाई कर एक संगठित दुपहिया वाहन चोर गिरोह के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई आठ मोटरसाइकिल बरामद की हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि डीएसटी पूर्व और जामडोली थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले वीरेन्द्र उर्फ विक्रम मीणा (23) और शैलेन्द्र कुमार जाटव (20) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही आरोपित महुआ जिला दौसा के रहने वाले है।

आरोपित वीरेन्द्र उर्फ विक्रम मीणा थाना महुआ का हिस्ट्रीशीटर है और उस पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं शैलेन्द्र कुमार जाटव के खिलाफ भी आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों से सामने आया कि वह संगठित गिरोह बनाकर जयपुर शहर में रात के समय और मौका मिलने पर दिन में भी मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपी एक साथ तीन से चार मोटरसाइकिल चोरी कर जयपुर से बाहर गांवों में ले जाते थे।

# एजीटीएफ ने पचास हजार का इनामी तस्कर डाकूड़ा को सांचौर से पकड़ा

**जयपुर ।** राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक के अपराध मुक्त राजस्थान के संकल्प की दिशा में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। एडीजी दिनेश एमएन के निर्देशन में टीम ने जालौर के कुख्यात शराब तस्कर प्रकाश जाणी उर्फ पप्पू उर्फ डाकूड़ा निवासी चितलवाना को सांचौर से दस्तयाब करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी पर आईजी जोधपुर रेंज की ओर से पचास हजार रुपये का इनाम घोषित था।

एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि एजीटीएफ के कांस्टेबल सुनील और सुमेर सिंह को सटीक सूचना मिली थी कि लंबे समय से फरार चल रहा प्रकाश जाणी अपने परिवार से मिलने जोधपुर आया है और वहां से फिर गांव की ओर निकला है। सूचना की पुष्टि होते ही एसपी ज्ञानचंद यादव और एएसपी नरोत्तम लाल वर्मा के सुपरविजन और डीएसपी फूलचंद टेलर व एएसआई राकेश जाखड़ में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने जब आरोपी की रेकी शुरू की,तो वह अपनी लोकेशन बार-बार बदलने लगा।



**पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने जालौर के कुख्यात शराब तस्कर प्रकाश जाणी उर्फ पप्पू उर्फ डाकूड़ा निवासी चितलवाना को सांचौर से दस्तयाब किया।**

पुलिस टीम ने जब सांचौर के पास आरोपी का पीछा करना शुरू किया, तो शातिर तस्कर डाकूड़ा को पुलिस की भनक लग गई। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने भागने की कोशिश की। जिसके बाद एजीटीएफ और बदमाश के बीच करीब डेढ़ से दो किलोमीटर तक लुका-छिपी और दौड़ चलती रही। अंततः टीम ने सांचौर के चार रास्ता चौराहा रानीवाड़ा रोड के पास उसे चारों तरफ से घेरकर दबोच लिया।

आरोपी प्रकाश जाणी अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करी के नेटवर्क का बड़ा खिलाड़ी माना जाता है। मार्च 2022 में सांचौर पुलिस ने एक लावारिस पेट्रोल टैंकर से 405 कार्टन हरियाणा निर्मित अवैध शराब बरामद की थी। इस मामले में प्रकाश जाणी मुख्य आरोपी था और तभी से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। इसके खिलाफ सांचौर, आबू रोड, बालेसर और गुड़ामालानी में एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के आधा दर्जन से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। आरोपी

- **फिलहाल आरोपी को सांचौर थाना पुलिस को सौंप दिया गया है, जहाँ गहन पूछताछ में तस्करी के बड़े नेटवर्क के खुलासे होने की उम्मीद है**

हरियाणा और पंजाब से शराब तस्करी कर राजस्थान और मुख्यतः गुजरात में सप्लाई किया करता है।

इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में डीएसपी फूलचंद, एएसआई राकेश जाखड़ और कांस्टेबल मगनाराम की सक्रिय भूमिका एवं कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार की तकनीकी भूमिका रही। विशेष रूप से कांस्टेबल सुमेर सिंह और सुनील की सूचना तंत्र की सटीकता ने इस इनामी अपराधी को सलाखों के पीछे पहुँचाने में मदद की। फिलहाल आरोपी को सांचौर थाना पुलिस को सौंप दिया गया है, जहाँ गहन पूछताछ में तस्करी के बड़े नेटवर्क के खुलासे होने की उम्मीद है।

## सार-समाचार

### अवैध मादक पदार्थ चरस की तस्करी करने वाले तस्कर गिरफ्तार



**जयपुर।** जयपुर पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (क्राइम ब्रांच सीएसटी) और सिन्धी कैम्प थाना पुलिस ने संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ चरस की तस्करी करने वाले दो तस्करों को धर-दबोचा है और उनके पास से 234 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत सिंह ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी और सिन्धी कैम्प थाना पुलिस ने संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ चरस की तस्करी करने वाले मोहम्मद सोहेल खान (26) निवासी मुरलीपुरा और मितुल चौधरी (28) हरमाड़ा जयपुर हाल खाटूश्यामजी जिला सीकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 234 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस बरामद किया गया है। इस संबंध में पुलिस थाना सिन्धी कैम्प जयपुर वेस्ट में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ चरस की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

### मोबाइल शोरूम से आईफोन समेत 60 महंगे मोबाइल फोन चोरी

**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना इलाके में अज्ञात नकबजनों ने एक मोबाइल शोरूम पर अपना निशाना साधते हुए आईफोन सहित अन्य कंपनियों के 60 से ज्यादा मोबाइल फोन और गल्ले में रखे करीब 50 हजार चोरी कर लिए और फरार हो गए। दूसरे दिन शोरुम में चोरी होने की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने पुलिस मामला दर्ज कराया। शोरुम में लाखों रुपयो के मोबाइल फोन चोरी होने की जानकारी मिलने के बाद व्यापार मंडल के पदधिकारियों ने एक जुट होकर एक घंटे तक बाजार बंद रखा ओर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के मोबाइल फोन बरामद करने की बात कही। गौरतलब है कि थाना इलाके में मयूर हेमनानी और पवन मनवानी की मालपुरा गेट ,बिजली विभाग के सामने रामदेव मार्केट,डिग्गी रोड पर साई टेलीकॉम नाम से मोबाइल का शोरुम है। बताया जा रहा है कि चोरों ने मकर संक्रांति की रात करीब 2 बजे वारदात को अंजाम दिया। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि कुल पांच लोग चोरी की नीयत से बाजार में आए थे। इनमें से दो लोग बाहर खड़े होकर निगरानी कर रहे थे, जबकि तीन अन्य चोरों ने सरिए की मदद से शटर तोड़कर दुकान में प्रवेश किया और 8 मिनट में मोबाइल फोन को कट्टों भरकर फरार हो गए । शोरूम में चोरी की जानकारी मिलने के बाद व्यापार महासंघ सांगानेर के अध्यक्ष त्रिलोक चौधरी, मीडिया प्रभारी पीयूष बचानी, सांगानेर मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा और मालपुरा गेट थाने के एएसआई रामलाल स्पेशल टीम के साथ पहुंचे।

### सरकारी अस्पताल से चोरी बाइक करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** चाकसू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चाकसू कस्बे के सरकारी



उप जिला अस्पताल परिसर से चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि चाकसू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चाकसू कस्बे के सरकारी उप जिला अस्पताल परिसर से चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद कर ग्राम कोथनू निवासी पूर्ण मल उर्फ राजू जाट (32) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी और आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है और उसके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

### साइबर ठग फेक ट्रैफिक ई-चालान का मैसेज भेज कर रहे है ठगी

**जयपुर।** साइबर ठग राजस्थान में फेक ट्रैफिक ई-चालान के माध्यम से लोगों का अपना शिकार बनाने में लगे हुए है। ऐसे मामले सामने आने के बाद राजस्थान पुलिस की ओर से सतर्क रहने के लिए आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। डीआईजी विकास शर्मा ने बताया की राजस्थान पुलिस की ओर से ट्रैफिक नियमों को तोड़ने पर ई-चालान की कार्रवाई की जाती है। ट्रैफिक ई-चालान को ही साइबर क्रिमिनल्स ने फ्रॉड का नया तरीका बना लिया है। साइबर क्रिमिनल्स आमजन के मोबाइल पर ट्रैफिक ई-चालान का मैसेज भेज रहे है। मैसेज में भेजे लिंक के जरिए ई-चालान भरने का दबाव बनाते है। ई-चालान पेमेंट का लिंक देखकर लोग उसे क्लिक कर देते है। लिंक खोलते ही वह फेक वेबसाइट पर पहुंच जाते है। पेमेंट करते ही बैंक अकाउंट से रुपए निकल जाते है। मोबाइल में एक ऐप इंस्टॉल हो जाता है। जिससे साइबर ठग को प्राइवेट इंफॉर्मेशन और ओटीपी तक पहुंच मिल जाती है। साइबर क्रिमिनल्स की ओर से नया फ्रॉड तरीका अपनाकर आमजन के बैंक अकाउंट खाली करने का प्रोग्राम बनाया गया है। आमजन के लिए एडवाइजरी जारी कर ऐसे लिंक पर क्लिक करने से बच सतर्क रहने को कहा गया है।

### न्यूमी ने जयपुर में खोला नया स्टोर




**जयपुर ।** जैन-जी महिलाओं के लिए भारत के सबसे तेजी से विकसित होते ओमनीचैनल पौशन-टेक ब्राण्ड्स में से एक न्यूमी ने आज जयपुर में अपने पहर के साथ राजस्थान में प्रवेश की धोषणा की है। यह विस्तार कापड के लिए और भी खास है क्योंकि न्यूभी के सह संस्थापक एवं सीईओ, सुमित जसोरिया, जयपुर से ताल्लुक रखते हैं। ऐसे में यह लॉन्च टीम के लिए घरवापसी की तरह है। विज्ञाइन की समृद्ध विरासत एवं स्टाइल के प्रति रागाव के चलते जयपुर शहर देश में फैशन के प्रति सबसे सजग शहरों में से एक के रूप में उभरा है. ऐसे में इस शहर में विस्तार न्यूमी के युवा उन्मुख, अभिव्यक्तिशील एवं ट्रैंज़ आधारित रहिकोण की देखते हुए बेहद स्वाभाविक है। गुलाबी नगरी में 3000 वर्गफीट में पौता न्यूभी का पहला स्टोर प्रीमियम हाई-स्ट्रीट स्टोर है, जो वैशाली सर्वांत ब्लॉक सी में स्थित है। इस स्टोर के साथ ब्राण्ड पहला दो मंज़िला रीटेल फोमेंट भी लेकर आपा है, जिसे खरीददारी के अनुभव की बेहतरीन बनाने को लिए डिज़ाइन किया गया है। स्टोर का लुक जयपुर की शाही एवं राजसी विरासत से प्रेरित है. जहां रानियों जैसे चित्रों से लेकर बेहतरीन डिज़ाइन न्यूमी के आधुनिक, देरडी एवं जैन-जी लुक के साथ बखूबी संयोजित हो जाते हैं। एक आकर्षक इंस्टाग्राम कॉर्नर खरीददारों को न्यूमी के आउटफिट्स स्टाइल करने और इन पलों को यादगार बना लेने के लिए आमंगीत करता है, यह खास कॉर्नर दर्शाता है कि आज की जैन की महिलाएं फैशन को किस तरह अपनाती हैं।

## 16वीं विधानसभा के पंचम सत्र में कोई नया प्रावधान नहीं

**जयपुर।** 16वीं राजस्थान विधानसभा के पंचम सत्र में सदन की कार्यप्रणाली में किसी प्रकार का कोई नया प्रावधान नहीं किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि विधायकों के लिए जारी सभी बुलेटिन पूर्व विधानसभाओं के सत्रों की तरह ही हैं। प्रश्न पूछने की प्रक्रिया, प्रश्नकाल, शून्यकाल और अन्य संसदीय व्यवस्थाओं में कोई बदलाव नहीं किया गया है। विधानसभा की स्वस्थ संसदीय परंपराओं के अनुरूप इस सत्र में भी सभी व्यवस्थाएं पूर्ववत रखी गई हैं।उन्होंने बताया कि पर्ची व्यवस्था की शुरुआत वर्ष 1995 में तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा के निर्देशानुसार की गई थी, जो 20 मार्च 2020 तक लगातार लागू रही। इसके बाद 15वीं विधानसभा के छठे सत्र के दौरान 10 फरवरी 2021 को हुई कार्य सलाहकार समिति की बैठक में तत्कालीन अध्यक्ष सी.पी. जोशी द्वारा पर्ची व्यवस्था को बंद करने का निर्णय लिया गया था।विधायकों को अपने विधानसभा क्षेत्र और प्रदेश की जनसमस्याएं

- **सदन की व्यवस्थाएं पूरी तरह पूर्ववत, केवल डिजिटल सुविधा जोड़ी गई**

अधिक प्रभावी ढंग से सदन में उठाने के उद्देश्य से पर्ची व्यवस्था को पुनः प्रारंभ किया गया। इस संबंध में 20 जून 2024 को विधानसभा बुलेटिन संख्या 47 जारी कर सभी विधायकों को पर्ची व्यवस्था के पुनः प्रारंभ और उसकी प्रक्रिया से अवगत कराया गया।विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में लागू पर्ची व्यवस्था पूरी तरह पूर्ववत है। इसमें केवल प्रस्तावों को ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत करने की सुविधा जोड़ी गई है। इसके अतिरिक्त प्रक्रिया में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पर्ची व्यवस्था का उद्देश्य लोक महत्व के विषयों को सरल, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से सदन में प्रस्तुत करना है, ताकि विधायक जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी रूप से उठा सकें।

# सरकार की नीतियों से राजस्थान बना निवेशकों की पहली पसंद : उद्योग मंत्री

- **रीको ने पिछली छमाही में निवेशकों को लगभग 3,200 करोड़ रूपये मूल्य के 1790 भूखण्ड का आवंटन किया। इसी दौरान भूखण्ड आवंटन हेतु 20 नवीन औद्योगिक क्षेत्र खोले गए**

**जयपुर।** राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के प्रथम वर्ष में राइजिंग राजस्थान समिट के माध्यम से प्रदेश में औद्योगिक निवेश को लेकर अपनी दूरगामी सोच को जनता के समक्ष स्पष्ट किया। निवेशकों ने भी राज्य सरकार पर भरोसा जताते हुए लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए जिनमें से अब तक 8 लाख करोड़ रूपये से अधिक के एमओयू धरातल पर उतरने में सफल रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार की दूरदर्शी एवं विकासोन्मुख सोच का ही परिणाम है कि गत दो वर्षों में राज्य सरकार ने औद्योगिक विकास को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इन निर्णयों के क्रियान्वयन में रीको ने भी अपनी प्रभावी भूमिका निभाई है।

राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो, लोगों को रोजगार मिले एवं उद्यिमयों को अपना उद्योग लगाने एवं संचालन में आसानी हों। इसके लिए राज्य सरकार एवं रीको ने नई नीतियां जारी की तथा नियमों का सरलीकरण किया। राइजिंग राजस्थान में एमओयू करने वाले निवेशकों को आरक्षित दर पर औद्योगिक भूमि उपलब्ध हो सके इसके लिए रीको ने प्रत्यक्ष आवंटन योजना मार्च 2025 में लागू की जिसके सात चरण पूर्ण हो चुके हैं। इसी तरह रीको औद्योगिक क्षेत्रों में पट्टाधारी अपने आवंटित भूखण्ड को एक अनुमत उपयोग से दूसरे अनुमत उपयोग में ले सकें इसके लिए नियमों में संशोधन किया गया। निवेशकों को अविकसित एवं अर्धविकसित भूमि उपलब्ध कराने के लिए अविकसित एवं अर्धविकसित नीति भी लागू की जिससे निवेशक बहुत कम समय में अपनी परियोजना को स्थापित कर सकते हैं। लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग के लिए भी रीको ने नई नीति लागू की जिसके अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों में नियोजित भूखण्ड पर लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग इकाई लगाई जा सके।

रीको के औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड आवंटन की गति तेज हुई है। रीको ने अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान औद्योगिक विकास के प्रमुख संकेतकों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में भूमि आवंटन, राजस्व और औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार में तेज बढ़ोतरी देखी गई है। अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान आवंटित भूमि की लागत बढ़कर 3,200 करोड़ रूपये हो गई जो अप्रैल-दिसंबर 2024 में लगभग 700 करोड़ रूपये थी। इसी अवधि में आवंटित भूखंडों की संख्या भी लगभग 670 से बढ़कर 1790 हो गई जो रीको विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में निवेशकों की बढ़ती रुचि को दर्शाती है।

औद्योगिक विकास के लिए ली गई सरकारी भूमि का मूल्य लगभग 80 करोड़ रूपये से बढ़कर 1120 करोड़ रूपये हो गया। रीको की प्राप्तियां भी लगभग दोगुनी होकर 1190 करोड़ से बढ़कर 2130 करोड़ रूपये पर पहुंच गईं जबकि जारी किए गए कार्यादेश 350 करोड़ से बढ़कर 670 करोड़ रूपये हो गए। जमीनी स्तर पर भी औद्योगिक विस्तार की गति तेज हुई है। अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान 20 नए औद्योगिक क्षेत्र खोले गए जबकि एक वर्ष पहले इसी अवधि में छह औद्योगिक क्षेत्र ही शुरू किए गए थे।

राज्य सरकार राजस्थान में पूर्ण इंडस्ट्रियल टाउनशिप के रूप में जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र को लगभग 3600 हैक्टेयर भूमि पर विकसित कर रही है। चरण-ए में 641 हैक्टेयर भूमि पर प्रारम्भिक चरण में लगभग 370 करोड़ रूपये से बुनियादी ढांचे के निर्माण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

# सनातनी किन्नरों के शोषण का मुद्दा गरमाया: किन्नर अखाड़ा ने की जांच की मांग

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में शुक्रवार को मानसरोवर स्थित सुमेर पैराडाइज में किन्नर अखाड़ा द्वारा देश में पहली बार किन्नर समाज के भीतर चल रही अवैध गतिविधियों और धार्मिक कट्टरता पर एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें किन्नर अखाड़ा के संस्थापक ऋषि अजय दास महाराज ने बड़ा खुलासा करते हुए आरोप लगाया है कि देशभर में एक संगठित जाल किन्नर जिहाद के नाम पर सक्रिय है,जो सनातनी किन्नरों के धर्मांतरण, अवैध वसूली और आर्थिक शोषण में लिप्त है। उनके इस प्रयास को बजरंग सेना, हिन्दू वाहिनी सेना, विश्व हिंदू परिषद, मीणा महासंघ जैसे कई अन्य संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया है।




**किन्नर समाज के भीतर चल रही अवैध गतिविधियों और धार्मिक कट्टरता पर बैठक का आयोजन किया।**

महाराज ने दावा किया है कि-80 सनातनी किन्नरों को दबाव, डर और प्रतिबंधों के माध्यम से मुस्लिम रीति-रिवाज़ अपनाने पर मजबूर किया गया, विरोध करने पर मारपीट और आर्थिक दंड तक लगाए जाते हैं।

जन्म से हिंदू होने के बावजूद कई किन्नरों का अंतिम संस्कार इस्लामिक तौर-तरीकों से किया जाता है। कथित हिजड़ा गिरोह त्योहारों, शादियों और अन्य शुभ अवसरों पर गुंडागर्दी के साथ अवैध वसूली करते हैं।

सनातनी समाज से मिल रहे पैसों का उपयोग शराब, मांसाहार, अय्याशी, मदरसों और संदिग्ध गतिविधियों में किया जा रहा है।

## गवर्नर सिक्योरिटी में तैनात पुलिस कांस्टेबल हुआ चोटिल

**जयपुर।** एक दिवसीय दौरे पर जयपुर आई राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू के जयपुर पहुंचने के बाद काफिले में एयरपोर्ट के बाहर आते समय गाड़ी में बैठने के

- **काफिले में एयरपोर्ट के बाहर आते समय गाड़ी में बैठने के दौरान अचानक से एक जवान का सतुंलन बिगड़ गया**

दौरान अचानक से एक जवान का सतुंलन बिगड़ गया और वो जमीन पर गिर गया। इस हादसे में गवर्नर सिक्योरिटी में तैनात कांस्टेबल गिरिराज के पैर में मामूली चोट आई । बताया जा रहा है कि गाड़ी में बैठते समय उका पैर फिसल गया जिससे उसके सिर और पैर में चोट लगी। जिसके बाद गिरिराज को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

# फॉल सीलिंग हादसे में होटल मालिक को राहत

**जयपुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-1 महानगर द्वितीय ने करीब दस साल पहले टोंक रोड स्थित फॉर्चून बेलाकासा होटल में एक निजी कार्यक्रम के दौरान फॉल सीलिंग गिरने से हुई चार जनों की मौत मामले में होटल मालिक अनिल कुमार गर्ग के खिलाफ अपराध नहीं माना है। वहीं होटल प्रबंधक के खिलाफ भी गैर इरादतन हत्या की बजाय लापरवाही से मौत का कारण बनने के मामले में केस चलेगा। इसके साथ ही अदालत ने होटल मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में निचली अदालत की ओर से लिए प्रसंज्ञान को रद्द कर दिया है। अदालत ने होटल प्रबंधक प्रदीप उनियाल को राहत देते हुए उसके खिलाफ भी प्रसंज्ञान आदेश को आईपीसी की धारा 304 व 308 की बजाय धारा 337, 338 व 304 ए में बदलते हुए कार्रवाई के लिए कहा है। अदालत ने यह आदेश आरोपी की ओर से पेश निगरानी

- **प्रबंधक पर गैर इरादतन हत्या की बजाय लापरवाही का चलेगा केस**

याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि होटल मालिक के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जगह हर्जाने के लिए सिविल कार्रवाई की जा सकती है। इस आयोजन के दौरान जहां हादसा हुआ वह एक हॉल था, जहां पर ऐसे आयोजन होते रहते हैं। आरोपी प्रबंधक प्रदीप उनियाल का ऐसी घटना करने का कोई आशय प्रकट नहीं होता है, न ही ऐसी परिस्थितियां प्रबंधक की मानी जा सकती हैं कि वह मानव वध के अपराध का दोषी रहा हो। ऐसे में प्रबंधक का कृत्य लापरवाही का माना जा सकता है कि उसने समय पर देखरेख व मरम्मत का कार्य नहीं किया।

# एएनटीएफ ने ड्रग्स फैक्ट्री चलाने वाला मोस्ट वांटेड को किया गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ)ने बड़ी कार्रवाई करते मोस्ट वांटेड को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी रमेश एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री बनाई और देश-भर में नशे की सप्लाई करना शुरु कर दिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी रमेश बाड़मेर निवासी 12वीं फेल है और इसके खिलाफ 31 मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी जेल में सजा काटने के दौरान एक डॉक्टर डॉ. बिरजू के संपर्क में आया था और नशीली दवाईयों से एमडी ड्रग्स बनाने शुरु कर दिया। पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी रमेश फरार हो गया और चार धाम की यात्रा करने के लिए 12 ज्योतिर्लिंग निकल गया। लेकिन राजस्थान एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स उसे तीर्थं यात्रा में जाने से पहले ही दबोच लिया।

पुलिस महानिरीक्षक (आईजी)



**एएनटीएफ ने फैक्ट्री चलाने वाला आरोपी रमेश को गिरफ्तार किया।**

विकास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रमेश इतना शातिर है कि वो किसी से संपर्क नहीं रखता ना ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता है। इसके बाद भी आरोपी ने एमडी ड्रग्स बनाने ओर उसे सप्लाई करने के लिए बिना मोबाइल के

- **गिरफ्तार आरोपी रमेश एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री बनाई और देश-भर में नशे की सप्लाई करता था**

ही बड़ा नेटवर्क तैयार कर रखा है। गिरफ्तार आरोपी राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और तेलंगाना में ड्रग बनाने और सप्लाई करने का बड़ा नेटवर्क चला रहा था।

शातिर ड्रग्स तस्कर रमेश अलग-अलग राज्यों में गिरफ्तार हो चुका है। तकनीकी संसाधन और मुखबिर की सूचना पर राजस्थान एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने जयपुर के बरकत नगर में छापेमारी की कार्रवाई की थी। लेकिन आरोपी को इसकी भनक पहले ही लग चुकी थी और वो मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। आरोपी कोलकाता में रहकर एमडी ड्रग्स फैक्ट्री लगाने की फिराक में था। जिसके सप्लायर पुणे से जुड़े हुए थे। और वह अक्सर हवाई यात्रा करता था. इसी इनपुट के आधार पर एएनटीएफ ने कोलकाता, जयपुर और पुणे एयरपोर्ट पर निगरानी बढ़ाई।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त कास्टिक सोडा और इथाइल अल्कोहल जैसी चीजों से पांच से सात दिन में एमडी ड्रग्स तैयार करता था और एक लाख रुपये की लागत से बनी ड्रग्स को बाजार में 30 लाख रुपए के दाम में बेच देता था।

अपने काम -धंधे की पहचान को छुपाने के लिए 12वीं फेल केमिस्ट्री के छात्रों को ट्ययूशन पढ़ाता था और वह अनिल, रमेश और रामलाल जैसे अलग-अलग नामों से काम करता था. असम और मणिपुर में भी उसकी गतिविधियां सामने आई हैं।

## पंडित मोहनलाल बड़ौली ने भाजपा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनियां से की मुलाकात

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली शुक्रवार को जयपुर पहुंचे और यहां उन्होंने हरियाणा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया से शिष्टाचार भेंट की।

- **मोहन लाल बड़ौली ने डा. सतीश पूनिया को भगवान कृष्ण की तस्वीर भेंट कर किया अभिवादन**

दोनों नेताओं में इस मौके पर हरियाणा के राजनीतिक हालातों के साथ साथ संगठनात्मक के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली और प्रभारी डाक्टर सतीश पूनिया की आधे घंटे से अधिक चर्चा हुई। पंडित मोहनलाल बडौली ने प्रभारी को भगवान कृष्ण की तस्वीर देकर उनका अभिवादन किया।